दिन– सोमवार  दिनांक– 27 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।  अवधिः– 15 मिनट

---

01. ग्यारह नये सैटेलाइट टाउनशिप के लिए अधिगृहित जमीन के बदले किसानों को मुआवजा के साथ विकसित भूमि में भागीदारी दी जायेगी।

02. उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा–राज्य में शराबबंदी जारी रहेगी। शराबबंदी से लोगों को काफी फायदा हो रहा है।

03. पश्चिम बंगाल में अंतिम चरण के चुनाव के लिए प्रचार समाप्त। बिहार में राजनीतिक दल कर रहे है नतीजे को लेकर बड़े दावे।

04. और, मौसम विभाग ने आज भी अररिया, किशनगंज, कटिहार और पूर्णियां समेत सीमांचल के अधिकतर भागों में आंधी, बारिश और वज्रपात की आशंका जताई।

———————————————————————

राज्य में बनने वाले ग्यारह नये सैटेलाइट टाउनशिप और ग्रीन सिटी के लिए अधिगृहित जमीन के बदले किसानों को मुआवजा के साथ विकसित भूमि में भागीदारी भी दी जायेगी। नगर विकास और आवास विभाग के सचिव विनय कुमार ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि योजना के तहत अधिगृहित जमीन का पचपन प्रतिशत हिस्सा विकसित कर किसानों को लौटाया जायेगा।

———बाइट———

श्री कुमार ने बताया कि चयनित ग्यारह स्थानों के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष नवंबर तक परियोजना का ड्राफ्ट तैयारी कर लिया जायेगा।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज नगर विकास एवं आवास विभाग तथा पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को विकास कार्यों को मानक के अनुरूप तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए है।

———————————————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा है कि राज्य में शराबबंदी सख्ती से लागू है और आगे भी जारी रहेगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इस वर्ष मार्च तक जब्त की गई कुल शराब का करीब नब्बे प्रतिशत नष्ट किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि एक अप्रैल दो हजार सोलह से लेकर मार्च दो हजार छब्बीस तक एक लाख सड़सठ हजार से अधिक वाहन जब्त किए गए। इनमें से कई की नीलामी की जा चुकी है।

———बाइट———

विभागीय सचिव अजय यादव ने कहा कि विभाग का राजस्व संग्रह लगातार बढ़ रहा है।

———बाइट———

———————————————————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि शराबबंदी समाज के हित में है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री पासवान ने कहा कि शराबबंदी नीति को लागू करने में त्रुटियों की समीक्षा जरूर होनी चाहिए।

———बाइट———

———————————————————————————————————

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान उनतीस अप्रैल को होगा। आज चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। प्रचार के अंतिम दिन भाजपा, टीएमसी, कांग्रेस समेत सभी पार्टियों ने पूरी ताकत लगा दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बैरकपुर में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। वहीं, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कोलकाता में रोड शो किया। अन्य दलों के स्टार प्रचारकों ने भी विभिन्न क्षेत्रों में रोड शो और सभाएं की। चार मई को पश्चिम बंगाल के साथ ही असम, तमिलनाडु,

केरलम और पुडुचेरी विधानसभा चुनाव की मतगणना होगी। इधर, पश्चिम बंगाल से सटे बिहार के सीमा क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। अगले बहत्तर घंटे के लिए राज्य की सीमा को सील कर निगरानी बढ़ा दी गई है।

———————————————————————

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा है कि पश्चिम बंगाल चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत मिलेगी। विधानसभा अध्यक्ष बंगाल में जन संपर्क अभियान पर है। उन्होंने कहा कि जतना का रूझान बीजेपी की कार्यक्रमों और नीतियों की तरफ है। उन्होंने कहा कि चार मई को आने वाले नतीजे बीजेपी के पक्ष में ही होगा।

———————————————————————

पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर राज्य में राजनीतिक दलों की ओर से बड़े दावे किये जा रहे है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि बंगाल में भाजपा की सरकार तय है। उन्होंने तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि जैसे बिहार में विपक्ष का सुपड़ा साफ हो गया वैसे ही बंगाल में भी नतीजे आयेंगे।

———बाइट———

जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि पश्चिम बंगाल में नतीजों को लेकर कोई संशय नही है। उन्होंने कहा कि पहले चरण और अब दूसरे चरण में भी जनता एनडीए के लिए वोट करेगी।

———बाइट———

राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि पश्चिम बंगाल की जनता भ्रम जाल में नही फंसने वाली है। उन्होंने कहा कि चार मई को सब साफ हो जायेगा।

———बाइट———

———————————————————————

केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने आज मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से पटना देशरत्न मार्ग स्थित आवास पर शिष्टाचार मुलाकता की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच राज्य से जुड़े राजनीतिक मुद्दों पर बातचीत हुई।

———————————————————————

राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार की संभावना को लेकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। एनडीए के घटक दलों के बीच इस मुद्दे को लेकर जारी चर्चा से कैबिनेट विस्तार जल्द होने के संकेत मिले हैं। एक रिपोर्ट–

———बाइट———

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के विधानसभा में विश्वास मत प्राप्त करने के बाद मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं तेज हो गई है। वर्तमान में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अलावा दो उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव मंत्रिमंडल के सदस्य है। मुख्यमंत्री के पास उनतीस विभाग है। जबकि उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी के पास दस विभाग है और बिजेन्द्र प्रसाद यादव के पास आठ विभाग है। मंत्रिमंडल का विस्तार कभी भी हो सकता है। मंत्रिमंडल विस्तार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को एनडीए **के** सभी घटक दलों की सहमति के साथ क्षेत्रीय संतुलन का भी ध्यान रखना पड़ेगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आम आदमी के अधिकारों **के** प्रति थाना, प्रखंड और अंचल स्तर पर प्रशासन को संवेदनशील बनाने की घोषणा कर चुके हैं। समझा जाता है कि मंत्रिमंडल विस्तार के साथ बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेर–बदल की संभावना है। रविवार को जदयू कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द होगा।

———————————————————————

प्रदेश के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में मौसम की अलग–अलग परिस्थितियां बनी हुई है। रोहतास, भभूआ, औरंगाबाद, बक्सर समेत दक्षिण बिहार के अधिकांश भागों में भीषण गर्मी पड़ रही है। कई स्थानों पर अधिकतम पारा बयालीस डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। वहीं, लू के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान तैंतालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

इधर, राज्य के उत्तरी भागों में आंधी–बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की परिस्थितियां बनी हुई है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान कटिहार, पूर्णियां, अररिया समेत सीमांचाल के अधिकतर भागों में आंधी, बारिश और वज्रपात की घटना में भारी नुकसान हुआ है। कटिहार में वज्रपात की घटना में

तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पूर्णिया के अमौर में भी एक महिला की वज्रपात से मौत की खबर है। अररिया में आंधी के दौरान पेड़ के नीचे दबकर एक दिव्यांग महिला की मौत हो गई। बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को भी काफी नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज भी अररिया, किशनगंज, कटिहार और पूर्णियां जिले में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात के साथ आंधी, बारिश की आशंका है। वहीं, राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में भीषण गर्मी की स्थिति जारी रहेगी।

———बाइट———

———————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कटिहार में वज्रपात की घटना में तीन लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि आपदा की इस घड़ी में वह प्रभावित परिवारों के साथ खड़े है। मुख्यमंत्री ने सभी मृतक के आश्रितों को तत्काल चार–चार लाख रूपये की अनुग्रह अनुदान राशि दिये जाने के निर्देश दिए हैं।

———————————————————————————

पटना के बिहटा स्थित प्रौद्योगिकी केंद्र में कल नेशनल एससी–एसटी हब के अंतर्गत उद्यमी जागरूकता और विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतनराम मांझी और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इस पहल में एससी–एसटी उद्यमियों की क्षमता बढ़ाना, बाजार तक उनकी पहुंच सुदृढ़ करना और सार्वजनिक खरीद प्रणाली में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने पर अधिक जोर रहेगा।

———————————————————————————

सीवान के बाबूनिया रोड स्थित रूहअफजा मंजिल से अठारह सौ ईसवी से लेकर उन्नीस सौ पचास ईसवी के बीच की कई दुर्लभ पांडूलिपियां मिली हहै। जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय के निर्देश पर इन पांडूलिपियों को ज्ञान भारतम पोर्टल पर अपलोड कराया गया है।

---

मुंगेर जिले के सफिया सराय थाना क्षेत्र अंतर्गत हेरू दियारा में गंगा नदी में स्नान करने के दौरान एक किशोर डूब गया। स्थानीय गोताखोरों की मदद से उसकी खोजबीन की जा रही है।

---

सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे उस संदेश का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया था कि सरकार ने मुफ्त लैपटॉप देने की योजना शुरू की है और इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

---

01. ग्यारह नये सैटेलाइट टाउनशिप के लिए अधिगृहित जमीन के बदले किसानों को मुआवजा के साथ विकसित भूमि में भागीदारी दी जायेगी।

02. उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा–राज्य में शराबबंदी जारी रहेगी। शराबबंदी से लोगों को काफी फायदा हो रहा है।

03. पश्चिम बंगाल में अंतिम चरण के चुनाव के लिए प्रचार समाप्त। बिहार में राजनीतिक दल कर रहे है नतीजे को लेकर बड़े दावे।

04. और, मौसम विभाग ने आज भी अररिया, किशनगंज, कटिहार और पूर्णियां समेत सीमांचल के अधिकतर भागों में आंधी, बारिश और वज्रपात की आशंका जताई।

---

समाप्त